हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

04 जैसी हमारी सोच होगी वैसी ही दृष्टि...



07 सिविल सर्विस में चयन का सपना टूटा, महिला ने ...





## खबर संक्षेप

### 2024 में जोड़े गए चार नए विषय

**सीहोर।** राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में चार नए विषय बढ़ाए गए हैं। अब यह परीक्षा 24 विषयों के लिए होगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया है। एमपीपीएससी ने द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी द्वारा पूर्व में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 20 विषयों के लिए पात्रता परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब नए विषयों में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, रक्षा और रणनीतिक अध्ययन, संगीत और पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान को शामिल किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरु होगी।

### चुनाव में गंभीरता बरतें अधिकारी: कलेक्टर

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### 25 अप्रैल तक भेज सकते हैं प्रविष्टि

**सीहोर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए का दिया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजना होगी।

### आईआईटी : प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर।** आईआईटी इंदौर में पीजी प्रोग्राम एमटेक और एमएस (रिसर्च) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही अलग-अलग विभागों में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन भी बुलाए गए हैं। गेट स्कोर के आधार पर एमटेक और एमएस में एडमिशन होंगे। खास बात यह है कि इसके लिए दो केटेगरी बनाई गई हैं। पहली केटेगरी टीचिंग असिस्टेंट और दूसरी नॉन-टीचिंग असिस्टेंट की हैं। नॉ-टीचिंग असिस्टेंट केटेगरी में आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 गई है। इस वर्ष गेट परीक्षा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलुरु द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 16 मार्च को घोषित किया गया।

### 7 लाख टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य, 3 लाख 48 हजार टन ही आया, 88 हजार के पंजीयन, 45 हजार ही आए

# 45 हजार किसानों को 878 करोड़ का करना है भुगतान, 420 करोड़ ही जारी, बांटे 317 करोड़

**गेहूं खरीदी के बाद यहां से बिल बना दिए जाते हैं। इन बिल को पोर्टल पर डाल दिया जाता है। इसके बाद भोपाल से इन बिल के ईपीओ जारी होते हैं जिस पर भुगतान होता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



फाइल फोटो

जिले में 231 समर्थन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। अभी तक 45 हजार से अधिक किसान उपज बेच चुके हैं। जबकि 88 हजार से अधिक ने पंजीयन कराया है। इन किसानों को 878 करोड़ रुपए का भुगतान होना है, लेकिन अभी तक 317 करोड़ का भुगतान ही हो सका है। इसका कारण यह है कि अभी तक 420 करोड़ के ईपीओ ही जारी हो सके हैं। दूसरी तरफ जिन किसानों को तुरंत पैसे की जरूरत है वे मंडी में उपज बेचने पहुंच रहे हैं।

अभी जिले में जो समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है वह काफी कम हुई है। करीब 7 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य है, लेकिन अभी तक यह 3 लाख 48 हजार टन ही खरीदा जा सका है। इसका कारण यह भी है कि किसान मंडी में भी काफी गेहूं बेच रहे हैं।

**कम संख्या में ईपीओ हुए हैं जारी :** जानकारी अनुसार गेहूं खरीदी के बाद यहां से बिल बना दिए जाते हैं। इन बिल को पोर्टल पर डाल दिया जाता है। इसके बाद भोपाल से इन बिल के ईपीओ जारी होते हैं जिस पर भुगतान होता है। यह अभी सीहोर जिले के लिए 420 करोड़ के ही जारी हो सके हैं जबकि 878 करोड़ की खरीदी हो चुकी है। यही कारण है कि अभी तक कम भुगतान ही हो सका है। जितने ईपीओ जारी हुए हैं उस हिसाब से देखा जाए तो किसानों को भुगतान नहीं हो सका है। 420 में से केवल 317 करोड़ का ही भुगतान हुआ है। बाकी किसानों को अभी भुगतान होना बाकी है। यानि भुगतान का 37 प्रतिशत है।

#### समर्थन केंद्रों पर कम, मंडी में किसानों की ज्यादा भीड़

इस बार जिले में 88 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से 45 हजार 594 किसान गेहूं समर्थन मूल्य पर बेच चुके हैं। अभी खरीदी के लिए समय तो है लेकिन किसान कम पहुंच रहे हैं। इधर मंडियों में किसानों की अच्छी भीड़ हो रही है। मंडियों में भी इस बार अच्छी आवक हो रही है। सीहोर मंडी की बात करें तो अभी तक यहां पर 2 लाख 10 क्विंटल गेहूं किसान विक्रय कर चुके हैं। आष्टा की बात करें तो वहां पर इससे अधिक खरीदी हुई है।

#### मंडी में तत्काल भुगतान और वह भी समर्थन से ज्यादा

जिन किसानों के पास गेहूं की क्वालिटी अच्छी है वह तो मंडी ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं। इसका कारण यह है कि उन्हें यहां पर 2400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक मिल रहे हैं। अधिक रेट मिलने के साथ तत्काल भुगतान के कारण भी मंडियों में भीड़ हो रही है। जिन किसानों को पैसे की सख्त जरूरत है वह समर्थन पर उपज न बेचकर मंडियों में बेच रहे हैं।

#### इस बार वेयर हाउस हैं खाली

जिले में सभी खरीदी केंद्र वेयर हाउस में बनाए गए हैं, लेकिन देखने में आ रहा है कि कम उपज आने के कारण वेयर हाउस भी खाली हैं। अधिकांश जगह वेयर हाउस में काफी कम उपज है। इसलिए उन्हें भी कम भुगतान होगा। दूसरी तरफ लगातार रेक लगती जा रही हैं। इससे खरीदा गया गेहूं बाहर भी जा रहा है। इसलिए भी वेयर हाउस पूरे नहीं भर पाएंगे।

## युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित 500 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल, पूर्व सीएम ने दिलाई सदस्यता




**सीहोर।** लोकसभा चुनाव के पहले सीहोर जिले में कांग्रेस को एक बार फिर गहरा झटका लगा है। यहां युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित 500 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान सीहोर जिले की चारों विधानसभा सीटों पर शर्मनाक हार झेलने वाली कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कुछ उम्मीद की किरण दिखाई दे रही थी। लेकिन लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस को एक बार फिर गहरा झटका लगा है। गुरुवार को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव सहित 500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

## बुधनी-सलकनपुर रोड पर एक्सीडेंट: देवगांव के पास सड़क पर बैठी गाय को बचाने में पलटा ट्रक, तीन बाइक दबीं

**सीहोर।** बुधनी सलकनपुर रोड पर बुधवार रात को एक ट्रक पलट गया। रात करीब 1 बजे गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित हैं। रोड के साइड में मकान के बहार बाइक खड़ी थीं, जो कि ट्रक के नीचे दब गईं। तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक इंदौर से इटारसी की ओर जा रहा था। इसमें किराना समान मैगी के पाउच भरे थे। ट्रक हादसा बुधनी- सलकनपुर रोड पर पिलिकरार पंचायत के पास हुआ। यहां देवगांव में रोड किनारे बने मकान के पास ट्रक पलटा। गांव के नयन राठौर ने बताया कि वे रात में घर के बाहर थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक आया, रोड पर बैठी गाय को बचाने में ट्रक पलट गया। वो तो अच्छा हुआ किसी प्रकार कि जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।



## अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### मांगलिक कार्य शुरू, इस महीने 6 श्रेष्ठ मुहूर्त



**सीहोर।** खरमास समाप्त होने के बाद गुरुवार से मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। इस महीने में सीमित मुहूर्त होने के कारण 23 अप्रैल तक 6 दिनों में जिले सहित शहर में 200 से अधिक जुड़े दांपत्य सूत्र में बनेंगे। इसलिए अभी से अधिकांश मैरिज गार्डन और धर्मशालाएं बुक हो गई हैं। पंडित हर्षित शास्त्री ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर तक केवल 37 दिन ही विवाह मुहूर्त है। इस बार मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं होने का कारण बृहस्पति और शुक्र ग्रह का अस्त होना है। इन दोनों ग्रहों के उदित होने पर ही विवाह किए जाते हैं। अप्रैल के बाद विवाह 3 जुलाई से शुरू होंगे।

## कलेक्टर-एसपी ने मतदान केन्द्रों, चेक पोस्ट और स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने देवास लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों और चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चेक पोस्ट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी अवस्थी ने पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया।

कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री मयंक अवस्थी ने आष्टा तहसील के अंतर्गत ग्राम भीलखेड़ी सड़क, नगर परिषद कोठरी, बेदाखेड़ी, पटरिया गोयल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम बेदाखेड़ी और पटरिया गोयल को आदर्श मतदान बनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टैंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा बीएलओ से संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या गत मतदान के प्रतिशत तथा स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह एवं एसपी श्री अवस्थी ने आष्टा में शासकीय भगत सिंह महाविद्यालय स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां स्ट्रांग रूम, ईवीएम मशीन वितरण केन्द्र तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवन में बिजली, इंटरनेट कनेक्शन, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### गन्ने का रस पिलाकर चेक पोस्ट कर्मचारियों का उत्साहवर्धन

कलेक्टर सिंह एवं एसपी अवस्थी ने मैना चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। चेक पोस्ट पर तप्ती दोपहरी में वाहन चैकिंग का कार्य पूरी मुस्तैदी से कर रहे कर्मचारियों का न केवल उत्साह वर्धन किया बल्कि कलेक्टर श्री सिंह ने चेक पोस्ट के कर्मचारियों को गन्ने का रस भी पिलाया। मैना चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहे पीसीओ शमांगीलाल चौहान, श्री अरूण परमार,



हर्ष सिंह मालवीय तथा अंबाराम मालवीय ने कहा कि कलेक्टर एवं एसपी द्वारा किए गए उत्साहवर्धन से हमारा मनोबल और अधिक बढ़ गया है।

#### आष्टा में निर्माणाधीन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आष्टा में निर्माणाधीन आष्टा-पार्वती पुल, सीएम राईस स्कूल तथा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य गुणवतापूर्ण एवं समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से समय समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहने तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कवायद शुरू : जून में हो सकती है पीएटी, यूजी कोर्स में 1110 सीटों पर होगा प्रवेश

# चार साल बाद कृषि महाविद्यालय में समय पर प्रवेश देने की तैयारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के दो कृषि महाविद्यालय से संबद्ध 17 कृषि कॉलेज में प्रवेश 4 साल से देरी से हो रहे हैं। इसका कारण प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) का देरी से आयोजन होना है। लेकिन इस साल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विभाग को पीएटी करने के लिए प्रस्ताव पिछले माह ही भेज दिया था। इससे कर्मचारी चयन मंडल ने जून में पीएटी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि रिजल्ट जून में ही जारी हो जाएगा। तो जुलाई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो माह के अंदर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर हर हाल में सितंबर में कक्षाएं लगाने की तैयारी की गई है। जिससे कृषि विश्वविद्यालय का सत्र पटरी पर लौट सके। बता दें कि शहर के आएके कॉलेज में भी चार साल से छात्र परेशान हो रहे हैं। बता दें कि कोरोना की दस्तक देने के बाद सत्र 2020-21 से प्रदेश के दो कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज में प्रवेश देरी से हो रहे हैं। पीएटी में इस साल लगभग 30000 विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। जबकि प्रदेश के दो कृषि विश्वविद्यालय में यूजी कोर्स की सीटें 1110 हैं। समय पर परीक्षा व प्रवेश होने से 30 हजार

#### छात्र बोले- परीक्षा की तैयारी करने का पूरा समय नहीं मिला

छात्रों को कहना है कि नियम अनुसार कक्षा नहीं लगने व परीक्षा की तैयारी करने का उन्हें पूरा समय नहीं मिला। इससे उनका रिजल्ट बिगड़ेगा। अब बीएससी कृषि सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई तक करने की तैयारी चल रही है। वहीं 4 साल पहले जिन छात्रों ने प्रवेश लिया था वे अब फाइनल ईयर में पहुंच गए हैं, ऐसे छात्र नौकरी के अवसर नहीं गवाएं इसके चलते विश्वविद्यालय ने मई में परीक्षा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जबकि रिजल्ट जून तक जारी हो सकता है। छात्रों को प्रवेश के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जो छात्र पीएटी में उत्तीर्ण नहीं होंगे वे समय पर दूसरे कोर्स पर प्रवेश ले सकेंगे।

**सत्र लेट होने पर 6 की जगह 3 माह में ही करा दी परीक्षाएं:** पिछले साल जिन छात्रों ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेज में प्रवेश लिया था, कृषि उनका सत्र 6 माह लेट था। राजभवन के अकादमिक कैलेंडर के अनुसार परीक्षाएं कराने के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय ने 6 की जगह तीन माह कक्षा लगाकर ऐसे छात्रों की परीक्षाएं करा दी हैं। पिछले साल जुलाई में हुई थी पीएटी, रिजल्ट अक्टूबर में आया पिछले साल 6 माह देरी से प्रवेश प्रक्रिया आयोजित हुई थी। इसका कारण 11 व 12 जुलाई को पीएटी का आयोजन हुआ था, जबकि मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने रिजल्ट 3 अक्टूबर को जारी किया था। वहीं काउंसलिंग नवंबर 2023 से शुरु होकर जनवरी 2024 तक आयोजित हुई। इससे छात्रों के प्रवेश एक सेमेस्टर देरी से हुए थे। इस तरह का मामला कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसरों तक पहुंचा था कि चार साल से पीएटी का आयोजन व रिजल्ट देरी से हो रहा है। जिसके चलते कर्मचारी चयन मंडल ने जून में पीएटी कराने का शेड्यूल जारी किया है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास्क पोर्टल पर आवेदन 30 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये MPTAASC पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रेल 2024 तक के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। निर्धारित नवीन तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से एप्लाई कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था, विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जावेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर कार्यवाही की जावेगी।

**खबर संक्षेप**



## रामनवमीः भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी...

**सीहोर** । बुधवार को रामनवमी पर जहां शहर में जगह-जगह भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए गए, वहीं मंदिरों में हवन और कन्याभोज भी हुए। रामनवमी पर कस्बा, गंज और मंडी क्षेत्र में श्रीराम नवमी पर चल समारोह भी निकाला गया। इन चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर के समय मंदिरों में जहां हवन और कन्याभोज हुए, वहीं दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया गया। इस उपलक्ष्य में गंज, कस्बा और मंडी क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। राम मंदिरों से शुरु हुई ये शोभायात्राएं शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंची। चल समारोह में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। इनमें डीजे के साथ-साथ झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की झांकी को सभी ने खूब सराहा। इसके साथ ही मंदिरों में भी सुंदर कांड सहित अन्य आयोजन हुए।

### विश्नाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का पांचवा दिन, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुजन

# जैसी हमारी सोच होगी वैसी ही दृष्टि होगीःउद्धवदास

आज कथा में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह स्वयंवर का प्रसंग वर्णित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान की बारात और विवाह का नृत्य कर भरपूर आनंद लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जब भगवान श्री राम धनुष भंग करने के लिए गुरू आज्ञा से उठे तब धनुष यज्ञ में उपस्थित हजारों लोगों ने उन्हें अपनी-अपनी सोच और दृष्टि के अनुसार देखा और भगवान उन्हें वैसे दिखे भी। किसी ने उन्हें अपने मित्र के रूप में देखा तो किसी ने राजा के रूप में देखा किसी ने उन्हें पुत्र रूप में देखा तो किसी ने उन्हें शत्रु रूप में देखा। जिसकी जैसी सोच थी वैसी ही उसकी भावना बनी और उसी के अनुसार भगवान का रूप दिखाई दिया। जैसी हमारी सोच होती है वैसी ही हमारी दृष्टि बन जाती है और जैसी हमारी दृष्टि बन जाती है वैसी ही सृष्टि भी हो जाती है।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के पांचवे दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा मंत्र बहुत छोटे स्वरूप का होता है किन्तु उसमें भगवान को भी बुलाने की सामथ्र्य रहती है जैसे अंकुष देखने में छोटा होता है किन्तु उससे हाथी भी वष में रहता है इसलिए भगवान ने किषोर अवस्था में ही सारी लीलाएं की और उन्हें देखकर सभी को लगता था कि ये किषोर हैं, सुकुमार हैं राक्षसों का वध कैसे कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आजकल दिखावे का जमाना चल रहा है लोग धर्म-कर्म करते कम है पर उसका दिखावा ज्यादा करते हैं, धर्म और कर्म का दिखावा करने से उसके पुण्य प्रभाव में कमी आ जाती है।


जब ऐसे लोगों को दिखावा न करने की सलाह दी जाती है तो उनका कुतर्क होता है कि वे लोगों को प्रेरित कर रहे है जबकि वे अपना प्रचार कर रहे होते हैं। जबकि पूजा-पाठ, धर्म और पुण्य तभी फलीभूत होते है जब वे गुप्त रूप से बिना किसी दिखावे या प्रचार के किए जाएं। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री के साथ संगीत टीम में सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री विषाल व्यास, सहित उनके संगीतज्ञ साथीगण विजेन्द्र मेवाडा, कमलेष, सचिन एवं शुभम नायक ने श्रीराम कथा के दौरान अपने हुनर से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। आज कथा में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह स्वयंवर का प्रसंग वर्णित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान की बारात और विवाह का नृत्य कर भरपूर आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में शहर श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जा रहा है।

कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अनारसिंह चैहान, संरक्षक कमलसिंह ठाकुर, पं. ओमप्रकाष शर्मा, एमएस परमार, मुकेष भावसार, इन्द्रजीतसिंह, महेन्द्रसिंह चैहान, गोपालदास अग्रवाल, भानुप्रसाद गौर, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, आनंद अग्रवाल, शुभम मालवीय, मुकेष प्रजापति ,मनोज दुबे, नीरज ठाकुर, संतोष दरबार आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा समापन के अगले दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पष्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विषाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# वीआईटी एनएसएस द्वारा किया गया युवा संसद का आयोजन

### युवा संसद में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी विश्विद्यालय कोठरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा युवा संसद का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाट्न विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, रजिस्ट्रार देबाशीष अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. आभा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा संसद एक महत्वपूर्ण पहल है जो युवाओं को राजनैतिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने का माध्यम है। इस आयोजन में युवा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास और विविधता के मुद्दों पर विचार करने और उन्हें समाधान ढूंढने का अवसर मिला। कार्यक्रम में युवाओं को समाज में उत्तरदायित्व सहित राष्ट्रीय विषयों की आलोचना करने का एक मंच प्रदान किया। यहाँ, वे अपने विचार और प्रस्तावों को साझा कर सक्रिय नागरिक बने। युवा संसद का आयोजन 16 अप्रैल को हुआ और इसमे 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी ने साथ मिलकर विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। एनएसएस के संकाय समन्वयक डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. आभा गुप्ता की दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

# पीपीसीए सीहोर ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में जेवियर को दस विकेट से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

### सलामी बल्लेबाज अंशु और अराव ने नाट आउट खेली 70 रन की साझेदारी

**सीहोर**। शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी में बुधवार को पीपीसीए सीहोर ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में जेवियर भोपाल को दस विकेट से हराकर कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पीपीसीए की ओर से सलामी बल्लेबाज अंशु ने 34 गेंद पर 24 रन और अराव ने 34 गेंद पर 24 रन बनाए थे। उनकी मजबूत साझेदारी की बदौलत पीपीसीए ने एक तरफा जीत हासिल की।

बुधवार की सुबह जेवियर भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में दस विकेट खोकर 69 रन ही बनाए थे। उनकी शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज सरांश मात्र एक रन के निजी स्कोर और यश चार रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने 23 रन और धारिया ने 31 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। पीपीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवनित ने तीन विकेट, नमन ने दो विकेट, नैतिक, नमन, राज और लक्की ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके अलावा लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए सीहोर ने यह मुकाबला दस विकेट से जीत लिया। इसमें अंशु ने 35 रन और अराव ने नाट आउट 24 रन की शानदार पारियां खेली।

# धड़ल्ले से निकल रहे ओवरलोड रेत के डंपर ज्यादा दाम में काटी जा रही है रॉयल्टी



**सीहोर**। ओवरलोड डंपरों पर प्रशासन का कोई शिकंजा नहीं है। जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते। ओवरलोड डंपर से कई बार हादसे भी हुए हैं।

रेत की बड़ी-बड़ी गाड़ियां ओवरलोड आ रही हैं, गाड़ियों में जिस हिसाब से रेत आना चाहिए उससे कई अधिक मात्रा में उनमें रेत भरी रहती है, साथ ही सीहोर जिले का जिस कंपनी को रेत का ठेका मिला है उसके द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है। यूफोरिया कंपनी के द्वारा रेत के डंपर की रॉयल्टी इस समय काटी जा रही है, जिसकी कीमत लगभग 1250 रुपए तक ली जा रही है। 12 टायर गाड़ी की रॉयल्टी लगभग 25 हजार रुपए में काटी जा रही है, इसका पता हमें तब लगा जब हमने रेत की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर व उनके मालिकों से बात की, तो उन्होंने बताया कि हम 12 टायर गाड़ी की रॉयल्टी 25 हजार रुपए में कटवाते हैं।

# निगरानी चेक प्वाइंट पर की दो हजार तीन सौ रुपए की चालानी कार्यवाही



**सीहोर**। ग्राम बिलकिसगंज में सीहोर-भोपाल रोड पर चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार स्थैतिक निगरानी दल को तैनात किया गया है। तैनात पुलिस बल द्वारा चेक पोस्ट पर आचार संहिता के चलते व चुनावी समय होने से 24 घंटे वाहनों के आवागमन और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं, बिलकिसगंज के थाना प्रभारी संदीप मीणा के निर्देश पर बुधवार को वाहनों का चेकिंग अभियान भी चलाया, जिसमें पुलिस ने वाहन चालकों की अनियमितता को देखते हुए चालानी कार्यवाही की। पुलिस की जानकारी के अनुसार दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों से कुल 2300 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सुविधा की दृष्टि से हेलमेट और सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिए, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने को कहा।

# चुनाव प्रचार के लिए शासकीय वाहनों का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता




**सीहोर**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस सभी संबंधितों को निर्देश दिये कि शासकीय वाहनों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। मंत्रियों, निकायों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष आदि के लिए शासकीय वाहन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रधानमंत्री एवं अन्य राजनेता जिन्हें उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई है, को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी । स्वायत संस्थानों, संगठनों के प्रतिनिधि निवास से कार्यालय तक जाने के लिए शासकीय वाहन का प्रयोग कर सकेगे। जैसे रिर्जव बैक, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज आदि अन्य संस्थाऐ। यदि शासकीय वाहन का दुरूपयोग पाया जाता है तब अन्य कार्यवाहियों के साथ जप्त भी किया जावेगा। शासकीय कार्यालयों/अधिकारियों द्वारा आउटसोर्स, किराया आदि सभी प्रकार के वाहन शासकीय माने जायेंगे।

### दो क्विंटल खीर और एक क्विंटल नुक्ती का किया गया वितरण

# मरीह माता मंदिर में नवरात्रि के अंतिम दिन भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब, आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन है और इस दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर बुधवार की सुबह चार बजे से ही यहां पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक जारी रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई और सुबह दस बजे यहां पर जारी यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया। लगातार आठ घंटे तक चले इस भव्य भंडारे में शहर सहित आस-पास से आए करीब आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा आदि ने कन्याओं को चुनरी भेंट की और महिलाओं को सुहाग आदि की सामग्री प्रदान की। भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया था, वहीं देर रात्रि को महा अष्टमी के पावन अवसर पर हर साल की तरह महानिशा आरती का आयोजन भी किया गया था। अब गुरुवार को देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि मरीह माता मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, मंदिर परिसर में हर नवरात्रि पर पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि साल में चार नवरात्रि पर कन्याओं की पूजन की जाती है और भंडारे का आयोजन दो नवरात्रि चैत्र और शरदीय पर होता है। करीब 150 साल से यहां पर पूजा अर्चना का क्रम जारी है। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि राम नवमी के दिन मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी पर नवरात्रि का समापन होता है, साथ ही इस दिन राम नवमी का त्योहार भी मनाया जाता है। मां सिद्धिदात्री अष्ट सिद्धि से युक्त हैं, मान्यता है कि नवरात्रि के आखिरी दिन दुर्गा नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा करने वालों समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है, बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है। गंधर्व, किन्नर, नाग, यक्ष, देवी-देवता और मनुष्य सभी इनकी कृपा से सिद्धियों को प्राप्त करते हैं। इस दिन माता की पूजा के बाद हवन, कन्या पूजन किया जाता है और फिर नवरात्रि व्रत का पारण करते हैं। मां भक्तों को हर प्रकार की सिद्धि प्रदान करती हैं। उनको मां दुर्गा की 9 वीं शक्ति माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी पूरी विधि से उनकी साधना करता है उसे पूर्ण सृष्टि का ज्ञान प्राप्त होता है और उसमें ब्रह्मांड पर विजय प्राप्त करने की क्षमता आ जाती है।

देवी सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। वह कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री देवी की कृपा से तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री को मां सरस्वती का भी स्वरुप माना जाता है।

### आहुतियों के पश्चात भंडारे का आयोजन

मरीह मंदिर में लगातार नौ दिनों तक देवी की आराधना का क्रम जारी रहा। बुधवार की सुबह हवन में करीब 31 हजार से अधिक देवी के मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई और उसके पश्चात भंडारे का क्रम शुरू किया। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, यश अग्रवाल, पंडित उमेश दुबे, पंडित गणेश शर्मा, अनिल राय, सुनिल चौकसे, सुभाष कुशवाहा, पंकज झंवर सुमित भानू उपाध्याय, रामू सोनी, चिन्दू, प्रवेश, राजेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, प्रवीण और सुनील सहित अन्य शामिल थे।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसजनों ने किया गोपाल तिवारी का स्वागत



**सीहोर**। ऑल इंडिया कांग्रेस समिति प्रोफेशनल कांग्रेस विभाग द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मध्य प्रदेश में संयोजक पद पर सीहोर जिले के कांग्रेस नेता गणेश तिवारी को नियुक्त किया है।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी प्रोफेशनल्स विभाग के संयोजक प्रवीण चक्रवर्ती ने इस संदर्भ में पत्र जारी करते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिले के कांग्रेस नेता गणेश तिवारी को सौंपी है। गणेश तिवारी की नियुक्ति पर बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य आतिथ्य एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थित में गणेश तिवारी का पुष्प हारों से स्वागत कर शुभकामनाऐं दी गई। श्री तिवारी ने अपने स्वागतोत्तर में शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उसका मैं पुरी ईमानदारी व सक्रीयता से पालन करूंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने श्री तिवारी को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे गर्व है कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पुरी एकजुटता के साथ सक्रीय है और आगामी लोकसभा चुनाव के लिये पुरी मेहनत के साथ जमीनी स्तर पर नागरिकों के बीच पहुंचकर महंगाई, भ्रष्टाचार, बैरोजगारी को खत्म करने हेतु कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिये जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेदरयार खान, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, जयंत शाह, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, आजम नेता, मुस्ताफा अंजुम, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, प्रदीप सरकार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप- हमें करंट लगने की बात बताई

# सिविल सर्विस में चयन का सपना टूटा, महिला ने मौत को लगाया गले!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-खिलचीपुर

2 साल पहले शादी कर अपने भविष्य की उड़ान भरने वाली युवती जिसकी का सपना था की वह सिविल सर्विस एग्जाम में चयन होकर एक अधिकारी के रूप में अपना केरियर बनाना चाहती थी। इसके लिए उसने जी जान से तैयारी भी की परंतु तीन बार असफता हाथ लगने से वह हार गई और दो दिन पूर्व आए सिविल सेवा के परिणाम से निराश होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना मंगलवार रात की है जब मृतका दिव्या शर्मा का पति दीपक शर्मा थाने पहुंचा। यहां वह पुलिस के सामने फूट-फूट कर रोने लगा। जिसके बाद ये मामला सामने आया। मंगलवार देर रात ही दिव्या के परिजन खिलचीपुर पहुंचे। बुधवार को पुलिस, तहसीलदार, एफएसएल की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। मायके वालों ने हत्या की शंका जताते हुए शव का पोस्टमार्टम भोपाल में करवाने के लिए कहा। उन्होंने जमकर हंगामा किया। मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे, वह आत्महत्या नहीं कर सकती है।

सूचना पर खिलचीपुर एसडीओपी आनंद राय मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच करवाने का आश्वासन दिया। परिजनों की मौजूदगी में तीन डॉक्टर की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस द्वारा वीडियोग्राफी भी करवाई गई। वहीं खिलचीपुर पहुंचे पिता धनश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को इन लोगों का मेरे पास फोन आया था। इन्होंने बताया कि दिव्या को करंट लग गया है, जिस कारण उसकी मौत हो गई है। देर रात यहां पहुंचे तो पता चला बेटी ने फांसी लगाई है।





### ससुराल में भी जारी रखी अधिकारी बनने की तैयारी

मृतक महिला के पति दीपक ने बताया कि 22 मई 2021 को भोपाल के बरखेड़ा पठानी की रहने वाली दिव्या से उसकी शादी हुई थी। वह पोस्ट ग्रेजुएट थी उसका सपना था की सिविल सर्विस के द्वारा बड़ा अधिकारी बनकर अपना लक्ष्य हासिल करेगी। पढ़ाई के लिए वह ससुराल को छोड़कर खिलचीपुर मेरे साथ ही रहती थी और सिविल सर्विस की तैयारी करती थी।

### सुसाइड नोट की राइटिंग पर सवाल

मृतिका के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा हुआ है कि वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रही है। मेरी मौत की जिम्मेदार मैं खुद हूं। मेरे सास, ससुर, ननद, पति सभी बहुत अच्छे हैं। मैं अपनी लाइफ में किसी भी इंसान से कभी परेशान नहीं हुई। मेरे ससुराल वाले बहुत अच्छे हैं। मेरे पति बहुत केयरिंग हैं। मेरे लाइफ को लेकर कुछ सपने थे, जो पूरे नहीं हो पाए, इस वजह से ऐसा कदम उठा रही हूं। परंतु पिता ने बेटी के सुसाइड नोट पर सवालिया निशान लगा लगाते हुए राइटिंग पर ही सवाल उठा दिए हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया खुलासा

# राजगढ़ के व्यापारी से चोरी और छापीहेड़ा लूट के आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़/छापीहेड़ा




गत दिवस राजगढ़ मुख्यालय पर बैंक ऑफ इंडिया के बाहर खड़े व्यापारी की जेब से निकाले गए 50 हजार रुपए एवं छापीहेड़ा में बैंक कर्मचारी के साथ हुई लूट के मामलों को पुलिस ने अल्प समय में सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुधवार दोपहर प्रेसवार्ता आयोजित कर दोनों मामलों पर से पर्दा उठाया। राजगढ़ में हुई बैंक चोरी के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

इसी तरह छापीहेड़ा लूट घटना को 4 शातिर बदमाषों ने कारित किया था। आरोपियों ने अपने आप को बचाने कई हथकंडे अपनाए थे, लेकिन अंततः वे पुलिस के जाल में आ ही फंसे।

### सीसीटीवी कैमरे से धराया चोर

मंगलवार को राजगढ़ में बैंक ऑफ इंडिया के चैनल गेट से अंदर जाने का प्रयास कर रहे अक्षत अनिल मेड़तवाल के कुर्ते की जेब से एक युवक 45 हजार की गड्डी निकालकर भाग गया था। घटना के बाद पुलिस ने बैंक एवं बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर को कुछ ही घंटों में धरदबोचा। आरोपी युवक की पहचान मुकेश वर्मा निवासी ग्राम बरखेड़ा के रूप में हुइ है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की पूरी 45 राशि भी बरामद कर ली है। रुपए चुराकर वो अपने गांव चला गया था और घर में पैसे छिपाकर रख दिए थे जिन्हें पुलिस ने बाद में घर जाकर जब्त किया। कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में इस वारदात को खुलासा किया है। इस पर एसपी ने पूरी टीम की सराहना की है। इस खुलासे में टीआई वीरसिंह ठाकुर, अमित त्यागी, शिवचरण यादव, लाखन, ललित तोमर, पंकज शर्मा, विक्रम धाकड़, शक्ति सहित पुलिस कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी खंगालने वाले दिलीप मीणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चार आरोपियों ने दिया था छापीहेड़ा लूट को अंजाम

इसी तरह छापीहेडड़ा-संडावता मार्ग पर 15 अप्रेल को बैंक कर्मचारी हुई लूट के आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। चार लोगों ने इस लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से लूट की राशि 52 हजार, एक मोबाइल, दो मोटरसाइकिल इस तरह कुल 1 लाख 72 हजार का माल बरामद किया है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में आकाष कंजर, अविनाश कंजर, सौरभ उर्फ रोहन कंजर एवं शिवा कंजर सर्व निवासी छापीहेड़ा शामिल हैं। पुलिस की इस सफलता में छापीहेडा टीआई राजेंद्र ठाकुर, राहुल रघुवंशी, काशीराम मीणा, प्रकाश चौहान, फतेहसिंह, विवेक पाटिल की भूमिका रही।

## फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की बाउंड ओवर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करने की हिदायत पुलिस के द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को दी जा रही है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि बाउंड ओवर करने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है तो उसे प्रक्रिया का उल्लंघन माना जाएगा। जिसमें आरोपी को सीधे एसडीएम कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

▶ आदतन अपराधियों को चेतावनी- नियमों का उल्लंघन करने पर सीधे भेजा जाएगा जेल

थानों के लिस्टेड गुंडे, निगरानी बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत अंतिम बाउंड ओवर की कार्रवाई पूरी की जाती है। जिन आदतन अपराधियों द्वारा अंतिम रूप से बाउंड ओवर होने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी यदि अपराध किया जाता हैं। उनके खिलाफ एसडीएम कोर्ट से धारा-122 के तहत जमानत जब्त और बंधपत्र की बचे अवधि के लिए निरुद्ध करते हुए जेल भेजा जाता है। थानाप्रभारी संतोष बांघेल के अनुसार पुलिस कार्रवाई के अंतर्गत बाउंड ओवर एक प्रकार का अनुबंध है। जिसमें लोग शपथपूर्वक आगामी समय तक अपराध से दूर रहने की लिखित सहमति देते हैं। बाउंड ओवर उल्लंघन पर पुलिस केस दर्ज करती है। 22 फरार वारंटियों की गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# शरारती तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा : अरविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



गुरुवार को निकलने वाले रामनवमी जुलूस और अखाड़ा को लेकर पुलिस ने ली बैठक । सारंगपुर थाना परिसर में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस की तैयारी को लेकर आयोजकों की बैठक आयोजित गई। बैठक में माली समाज के कस्बा सारंगपुर के 6 प्रमुख मोहल्ले के अध्यक्ष और पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर जुलूस, अखाडा के संबंध में जानकारी ली गई। सारंगपुर में आयोजित बैठक में विभिन्न अखाडों के सदस्यों से चर्चा की गई। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि इस दौरान पुलिस सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं किसी तरह की गडबडी होने की संभावना हो तो उसके बारे में अविलंब सूचना दें। शरारती तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। यह भी कहा गया कि अफवाह पर ध्यान नहीं दिया जाए। पूजा कहां-कहां होनी है और कहां जुलूस निकलेगा इस बारे में जानकारी ली गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करने को कहा गया। साथ ही कहीं भी किसी तरह की गडबडी नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस दौरान तय रूट और तय समय पर अखाडा निकालने को कहा गया है। मौके पर एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि पर्व को भाईचारा माहौल में मनाएं। सिंह ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दें। कहीं से कोई भी सूचना हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जुलूस में कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन करने वाले शामिल न हों। हमारी असामाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखेगी। पुलिस को हर चैक-चैराहे पर तैनात किया जाएगा। इस मौके पर थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला, नपाकर्मी गोकुल पुष्पद सहित समाजजन उपस्थित थे।

फूलमाली समाज धूमधाम से मनाएगा दो दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव, विजयादशमी को निकलेगा चल समारोह। उल्लेखनीय है कि नगर के सकल पंच फूल माली समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 17 अप्रैल बुधवार को समाज के सभी मोहल्ला जिसमे बागकुआ टंकी, मुकेरवाडी, भैरूदरवाजा, पछेटवाडी, किडी , खारीया के मंदिरों में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन गुरुवार को एवं नगर पालिका के स्टाफ द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

# अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के प्रदेश सह संयोजक बने तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ का कार्य मां नर्मदा के परिक्रमा वासियों की सेवा करने का कार्य निरन्तर कई वर्षों से मां रेवा के पावन घांटों पर सेवा समर्पण करते चले आ रहे पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, जो कि जीवन पर्यन्त संकल्प ले चुके धर्म के रक्षक पंडित दामोदर अवधनारायण तिवारी (गीता, गौ दास) को अखिल भारतीय मां नर्मदा सेवा संघ द्वारा मध्य प्रदेश का सह संयोजक के पद का दायित्व सौंपा गया है। उक्त महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर तिवारी द्वारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौबे, मनीषा दीदी, ज्योति दीदी (राष्ट्रीय सह संयोजक), रामेश्वर शर्मा संयोजक म.प्र. सुदाम नाना शिंदे प्रभारी म.प्र. एवं सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया एवं सभी मध्य प्रदेश वासियों से आग्रह किया कि जगदंबा मां रेवा के परिक्रमावासी भक्तो का स्वागत वंदन अपने घर, गांव, नगर, जिले में सादर पूर्वक करें। क्योंकि भक्त के वश में है भगवान की भावना से ओतप्रोत होकर अथिति देवो भवरू के सिद्धांत का प्रतिपादन करते।

# रामनवमी पर श्रीराम को मिला नव निर्मित मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



एक तरफ जहां स्थानीय श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी में भागवत आचार्य हरिओम महाराज के मुखारविन्द से चल रही श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन मंगलवार रात्रि को श्रोताओं ने कथा का आनंद लिया। वहीं दूसरी तरफ रंगेरवाड़ी स्थित प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भव्य मंदिर में रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम दरबार, दुर्गा माता व श्री गणेश की पुन रू प्रतिष्ठा हुई।

रामनवमी का रंगेरवाड़ी के रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार था। लंबे समय के बाद रामलला अपने नए मंदिर में बिराजे हैं। ऐसे में इस बार प्रभु के आगमन की खुशी अलग ही महसूस की जा रही थी। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी मांगीलाल सोलंकी, पर्यावरण प्रेमी जयहिंद प्रकाश दुबे, पूनमचंद खंडेलवाल, हुकुम चंद भावसार, दीपू दास बैरागी, श्रीवल्लभ सोनी, केशव लाल राठौर, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, रमेश चंद्र कनासिया, लक्ष्मी नारायण सोलंकी, विष्णु जोशी अनिरुद्ध (हनी) सोलंकी, अंकुर सोनी, प्रशांत खंडेलवाल, लतेश सोलंकी सहित कई महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## नप खुजनेर ने स्वीप गतिविधि के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

# मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर




नगर परिषद खुजनेर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत बुधवार को नगर के शीतला माता मंदिर तथा श्री राम मंदिर में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। रामनवमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर से निकलने वाले जुलूस में नागरिकों को मतदान की महत्ता के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा बताया गया। साथ ही सभी को मतदान अवश्य करने के लिए जागरुक किया गया। श्री राम मंदिर चरणदास जी मंदिर में महाआरती के समय उपस्थित नागरिकों को भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान अवश्य करें तथा अपने कर्तव्य का पालन करने की बात कहीं। इस अवसर पर भूपेंद्र लोहिया, अमित यादव, जगदीश यादव, मनोज शर्मा, अनुपम शर्मा, धर्मेंद्र पालीवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रामनवमी का पर्व नगर सहित जिलेभर में भक्तिभाव के साथ मनाया, मंदिरों में महाआरती के आयोजन हुए

# श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाला चल समारोह, महाआरती में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर श्रीराम दरबार में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। तपतपाती गर्मी में मंदिर परिसर में जगह नहीं होने से श्रद्धालु खुले आसमान के नीचे बाहर प्रांगण में खड़े रहे। श्री राम दरबार में दोपहर 12 बजे महाआरती शुरू हुई। बड़े, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी महाआरती के आयोजन में शामिल हुए। समूचा मंदिर प्रांगण भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार सहित जनप्रतिनिधि, धर्मप्रेमी नागरिक महाआरती के आयोजन में शामिल हुए। आकर्षक श्रृंगार के साथ ही विद्युत साज-सज्जा की गई। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर धाम पर रामायण पाठ सहित धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

नरसिंहगढ़ में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पर्व बुधवार को शहर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में भव्यराज मित्र मंडल ने देर दोपहर कंतोड़ा हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना उपरांत भगवान श्रीराम का चल समारोह निकाला जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए धर्मशाला मंदिर पहुंचा। जहां रामलला की महाआरती के साथ चल समारोह का समापन किया गया। इस चल समारोह में अयोध्या की तर्ज पर नगर के कलाकार गबू प्रजाप्रति द्वारा बनाई गई भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा नगरवासियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। चल समारोह में शामिल युवा भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। चल समारोह का स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से विधायक मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, महंत दीपेंद्र दास, प्रतीक खीची, सुदीप शर्मा, देवेंद्र परमार, राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। आयोजन में गणेश, लवकुश अखाड़ा भी सम्मिलित हुआ जिनके कलाकारो ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए।






### घर-घर जन्मे राम

रामनवमी के मौके पर शहर के सभी प्रमुख मंदिरों और घर-घर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया। दोपहर बारह बजते ही मंदिरों और घरों में शंख लहरियो के बीच भए प्रकट कृपाला चौपाई गाकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। लोगो ने एक दूसरे को पर्व की बधाईयां भी प्रेषित की।

### धूमधाम के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



खुजनेर में भी फूल माली समाज द्वारा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी रामनवमी पर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धुमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर फुल माली समाज द्वारा भगवान श्रीराम का विशाल चल समारोह शहर में निकाला गया। जिसमें भगवान श्री राम की झांकी के साथ समाजजन सहित श्रद्धालुगण श्री राम जी के गीत एवं भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। चल समारोह माता जी मोहल्ले से प्रारंभ हुआ। जो राजगढ़ चैराहा,शिवा जी बाजार,झांड पीपल, मस्जिद चैक, पुराना थाना,इमली बाजार, जीरापुर रोड़ होते हुऐ खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा जहां महाआरती के बाद चल समारोह राजगढ़ रोड़ होते हुए। माली समाज धर्मशाला पहुंचा। जहां समाजजन द्वारा सामूहिक आरती के बाद प्रसादी ग्रहण कि वही चल समारोह का शहर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य केंद्र व संजीवनी क्लिनिक का निरीक्षण

**सीहोर।** भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 व 16 अप्रैल, को जिले के अनेक स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण यिा गया। भारत सरकार की टीम में डॉ राघुराम राव एडीजी एनटीईपी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंज एवं संजीवनी क्लिनिक मंडी सीहोर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आष्टा, लासूलिया परिहर, मोगरा राम स्वास्थ्य केन्द्रों का टीम द्वारा स्वास्थ्य सूचकांक केआधार पर निरीक्षण किया गया जिसमें शहरी स्वास्थ्य संस्था पर 12 1- सामान्य रोगों का परामर्श, मुख संबंधी रोग, परामर्श सेवाएं, मातृ स्वास्थ्य एवं प्रशामक स्वास्थ्य, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, निः शुक्ल जॉच, दवा एवं रैफरल सुविधा, संक्रामक रोग प्रबधंन, किशोर-किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, असंचारी रोगों की रोगथाम, आपातकालीन सेवांएआदि का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर डेहरिया ने जानकारी दी कि भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता, एवं फीडबैक लिया गया जिसमें मरीज का भी फीडबैक लिया गया आशा एवं एएनएम के प्रोग्राम की की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया। दिल्ली द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया जिला स्तर से शहरी नोडल अधिकारी डॉक्टर आदि उपस्थित थे।

### अहमदपुर में दो दिन से बंद पड़ी है नल-जल योजना

# ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्रामीण पानी के लिए हो रहे परेशान





गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट बढ़ने लगा है। ग्रामीण दूर दराज से पानी लाने को मजबूर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी का संकट हो गया है ग्राम पंचायत की नल जल योजना का बाल खराब हो जाने के कारण अहमदपुर में 2 दिन से ग्राम में नल जल योजना से जल सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को इधर-उधर भटक कर पानी ढोने के लिए बेबस होना पड़ रहा है जब भी गांव में कोई धार्मिक त्यौहार आता है। जब नल जल योजना जरूर खराब होती है जिससे गांव में पीने के पानी को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है और गांव वाले मोटरसाइकिल से अपने निजी वाहनों से पानी ढोने को बेबस है एक-एक किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए परेशान है इसके बाद भी ग्राम पंचायत अहमदपुर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है अनेक ग्रामीणों ने इस बारे में बताया है कि पंचायत नल जल योजना पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है।

ग्राम के निवासी रिजबान उददीन, शुभम गुप्ता, गणेश शर्मा ने बताया की बाल खराब हुए 2 दिन हो गए हैं। मगर ग्राम पंचायत अहमदपुर द्वारा उसे ठीक नहीं करवाया जा रहा है। जिससे गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। देर रात तक ग्रामीणों को इधर-उधर 1 किलोमीटर दूर से कहीं खेत खलियानों से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। अपनी प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण पीने के पानी का इंतजाम रात्रि में पूरी रात जागकर इधर-उधर से पीने का पानी ला रहे हैं।

### हर बार बिगड़ते है हालात

ग्रामीण शुभम गुप्ता ने बताया कि दो दिनों से नल जल योजना से पानी की सफ्लाई ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की गई है। जिस कारण से अहमदपुर में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम पंचायत अहमदपुर गांव में किसी भी कार्य में जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। ना ही सरपंच आशीष कुमार का इस ओर कोई ध्यान है। त्योहारों पर ही इस तरह की समस्याएं ग्राम पंचायत अहमदपुर में अक्सर उत्पन्न होती हैं।

### वॉल हुआ खराब

रिजबान उददीन ने बताया कि दो दिनों से नल नहीं आए हैं जब इस बारे में पता किया तो पता चला कि दो दिनों से बाल खराब हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है ग्राम पंचायत का इस ओर जरा भी ध्यान नहीं है

### वॉल ठीक करने भेजा भोपाल

ग्राम पंचायत अहमदपुर के सरपंच आशीष कुमार ने बताया किपाइपलाइन के वॉल खराब हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। नल कर्मचारी इरफान उर्फ डेबिट को आज वॉल लेकर भोपाल सुधरवाने के लिए भेजा है। शाम तक ही बाल ठीक करा कर गांव में पानी की सप्लाई शुरू करने की कोशिश की जाएगी।

# वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने वाली दुकान पर पुलिस ने मारा छापा

### 23 गैस सिलेंडर किए जब्त



**आष्टा।** सीहोर रोड पर दरगाह के आगे ताज मारुति सेंटर पर छापा मारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर में सैकड़ो वहां जिसमे से कुछ वैध ओर अधिकांश अवैध रूप से गैस किट के माध्यम से चल रहे हैं। इन वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने के कई स्थान आष्टा में संचालित है,जहां इन वाहनों में जान जोखिम में डाल कर अवैध रूप से गैस भरी जाती है। कल ऐसे ही एक सेंटर पर अवैध रूप से वाहनों में गैस भरने की मुखवीर से आष्टा पुलिस को सूचना मिली।

सूचना पर एसआई दिनेश यादव के नेतृत्व में आरक्षक मेहरबानसिंह, आरक्षक रामबाबू ने सीहोर रोड पर दरगाह के आगे ताज मारुति सेंटर पर छापा मारा । छापे के दौरान उक्त ताज मारुति सेंटर से पुलिस ने इंडियन गैस के दुकान में रखे 14 खाली एवं 9 भरे घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये। सेंटर पर से ही पुलिस ने चुपहिया वाहनों में गैस भरने वाली एक रिफिलिंग मशीन भी जप्त की गई। आरोपी ताज मारुति सेंटर का संचालक राशीद पिता अब्दुल अज़ीज़ मेवाती निवासी किला उम्र 38 वर्ष के खिलाफ पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। आष्टा पुलिस ने जिस ताज मारुति सेंटर से इंडियन गैस के 23 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये,ये निश्चित रूप से एक बड़ा मामला है।

आखिर एक ही स्थान पर 23 गैस सिलेंडर कैसे पहुंचे। यह गैस सिलेंडर किन किन उपभोक्ताओं के नाम से है, जिन लोगों के नाम यह गैस सिलेंडर है क्या वह अपने भरे हुए गैस सिलेंडर इस मारुति सेंटर को अधिक राशि लेकर सप्लाई करते हैं.? या यह 23 गैस सिलेंडर इनके पास अवैध रूप से सप्लाई हुए हैं.? यह एक बड़ी जांच का विषय है । सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आष्टा में ऐसे कई परिवार है जिनके यहा अतिरिक्त सिलेंडर है वे भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर ऐसे सेंटरों को अधिक राशि ले कर देते है ।

वही नगर में एक ऐसा भी रैकेट सक्रिय है जो इस तरह का कार्य करता है। पुलिस,प्रशासन,एवं आपूर्ति विभाग को चाहिये कि वो जप्त इन घरेलू गैस सिलेंडरों के मामले में तह तक जाये कि आखिर इसको लेकर वो कौन है जो ये अवैध सप्लाय करता है। कल देर शाम को पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही ने आपूर्ति विभाग की भी पोल खोल दी है कि वो अपने विभाग के अंतर्गत आने वाले कार्यो के प्रति गम्भीर नही है.?

## तिरंगे के साथ लगाया दूसरा ध्वज ध्वज संहिता का किया उलंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जावर तहसील के ग्राम मुरावर में एक टावर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ एक अन्य ध्वज सील कर मोबाईल टावर के सबसे ऊपर लगाने का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन व पुलिस विभाग हरकत में आ गया। सोशल मीडिया पर उक्त जुड़वा ध्वज पूरी तरह से ध्वज संहिता का खुला उलंघन के साथ अपराध की श्रेणी में माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुचा। सूत्रों ने बताया कि उक्त झंडे में ऊपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाया और उसके नीचे एक अन्य झंडा सिला हुआ है। मौके पर पहुची पुलिस ने झंडे को उतरवा लिया है। पुलिस को जानकारी लगने के बाद जावर से पुलिस मौके पर पहुंची ओर मुरावर में मोबाइल टावर पर लगे उक्त झंडे को एक युवक को चढ़ाया ओर लगा झंडा उतरवाया गया। पुलिस ने उक्त झंडे को अपने कब्जे में लिया है। एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई कि किसी ने ग्राम मुरावर में टावर पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ जोड़ कर एक ओर झंडा लगाया है,सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई है,एक ओर टीम जा रही है,इस मामले में जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी वो की जायेगी।

## मेरी चौखट पे चलकर चारों धाम आए हैं, अवध में भगवान राम आए हैं....

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रकटोत्सव पर बुधवार पर नगर व आसपास का क्षेत्र में सुबह से ही मंदिरों और घरों में प्रभु श्री राम का पूजन आरंभ हो गया। कन्या भोज के साथ हवन आरती का आयोजन किया गया। नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें राम भक्त मीना की धुन पर खूब नाचे, तत्पश्चात नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर से नगर के प्रमुख मार्ग पर होता होते हुए चल समारोह निकाला गया, प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, जय श्री राम के जय घोष से पूरा वातावरण राममय हो गया । नवमी पर लक्ष्मी चौक पर महा आरती का आयोजन रखा गया, इस दौरान देवी मंदिरों में विविध अनुष्ठान हुए, श्री राम के प्रकट उत्सव पर श्री राम मंदिर समिति एवं राम भक्तों के नेतृत्व में श्री राम मंदिर से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर जल समारोह का स्वागत किया गया, एवं प्रभु श्री राम की चल समारोह में आरती उतारी गई, चल समारोह कुंडी चौक पर आरती का आयोजन किया गया।

### शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत

शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया, इस दौरान समिति के सदस्यों का साफा बांधकर एवं चल समारोह में प्रभु श्री राम की आरती की गई। आरती में राम भक्तों ने प्रभु श्री राम की आरती उतारी एवं भजन गाय मेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं अवध में राम आए हैं।

### महाआरती का आयोजन

नगर व आसपास का क्षेत्र में सुबह से ही मंदिरो में राम भक्त पहुंच रहे थे। नवरात्रि का अंतिम दिन पर हवन पूजन माता मंदिरों में सुबह से ही चल रहा था, नगर के मंदिर आकर्षित झिलमिल रोशनियों से सजे पंडाल में जगह-जगह महा आरती में छप्पन भोग के रखी गई। माता मंदिर पठार ,माता मंदिर बड़ाबाजार ,माता मंदिर बस्टेण्ड पर कन्या भोज कराया गया वहीं नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई, लक्ष्मी चौक पर 56 भोग महाआरती का आयोजन रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया गया।

### झिलमिल रोशनी से सजे मंदिर

नगर व आसपास के क्षेत्र में झिलमिल रोशनियों से सजे मंदिर आकर्षण का केंद्र बन रहे थे एवं भक्तों का ताता लगातार लगा हुआ था भक्ति में पूरा नगर डूबा हुआ था नवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ के धूम अलग ही आकर्षण का केंद्र बनीरहती है।

## राठौर मंदिर चौराहा पर हुआ कन्याभोज



**आष्टा।** चेत नवरात्रि पर राठौर मंदिर चौराहे पर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार सातवे वर्ष नवरात्रि महोत्सव मनाया गया। इस दौरान नवमी के बाद अगले दीन दशमी पर कन्या भोज अयोजित किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में छोटी छोटी कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आपको बता दें समिति के सुरेश कुशवाहा और नरेंद्र कुशवाहा पहलवान सहित सभी सदस्य नवरात्रि महोत्सव में माता की भक्ति भाव में डूबे रहते हैं।

## कुशवाहा समाज ने पालकी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ श्री राम जन्मोत्सव पर सांई नाथ बाबा मंदिर समिति ने हवन आहूति कर मंदिर प्रमाण में भंडारे का आयोजन किया। सांई बाबा की पालकी नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह के रूप में निकाली गई।

नगर भ्रमण के पश्चात कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने भगवान सांई नाथ की पालकी के दर्शन कर पूजन आरती की। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने सर्वप्रथम धर्मअधिकारी पंडित गजेंद्र शर्मा का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। सांई मंदिर समिति के मुखिया कांतिलाल पटेल, हरिओम सोनी, रवि सोनी, सीताराम यादव, नितिन जैन, नीलू दीक्षित, गोपाल कुशवाहा, पवन मोटवानी, जीतू मोटवानी, दीपक सिंधी, प्रकाश परसाई, भगवती सोनी का आशा प्रकाश कुशवाहा, ज्योति अशोक कुशवाहा ने दुपट्टा डालकर स्वागत किया।

निकाली गई समस्त सांई बाबा समिति का पुष्पमाला व साफा बांधकर प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मान कुशवाहा समाज तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कुशवाहा समाज युवा संगठन जिला अध्यक्ष रवि कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल, प्रकाश कुशवाहा मामा, शुभम कुशवाहा ने स्वागत सम्मान किया।

## राम नवमी पर मनाया भगवान राम का जन्मोत्सव, मंदिरों में हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

रामनवमी का पर्व राम जन्मोत्सव खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोला गांव, बड़घाटी, छापर, बड़कोला, लसूडिया, कन्नौज शिवजी, रामपुरा, नौगांव, बापचा सहीत पूरे ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। वही ग्राम के दुर्गा मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। उसके पश्चात ठीक 12:00 बजे भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया। जहां ग्राम वासियों ने भगवान राम की आरती कर प्रसादी ग्रहण की।

## खाचरोद की भांजी तनु जाट ने यूपीएससी परीक्षा में प्राप्त की 450वी रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट की भांजी तनु जाट जो देवास जिले के खातेगांव तहसील के ग्राम कवलाशा के जाट किसान महेश भादू, बसंता भादू की बेटी है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 450 वि रैंक प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर उनके मामा परिवार द्वारा ग्राम खाचरोद में उनका स्वागत सम्मान रखा गया। जिसमें उनको गाड़ी में बिठाकर बैंड बाजो के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा। जहां रास्ते भर ग्राम वासियों द्वारा ग्राम की भांजी का हार पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। वही उन्हें ने बधाइयां दी गई। वही उनके मामा परिवार द्वारा सुरुचि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। तनु जाट कक्षा 1 से 8 तक ग्राम खाचरोद के स्कूल में ही पड़ी है। उनकी उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने तनु जाट को बधाइयां दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राम नवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए विधायक

# राम आस्था है, विश्वास है, राम कर्ता भी हैं कारक भीः इंजीनियर





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम भंवरा में ईलाही माता मंदिर में कांगड़ महा आरती में शामिल होकर दर्शन कर ग्राम भंवरा और अनेकों अनेक श्रद्धालुओ को महानवमी की बधाई दी। इसी क्रम में आष्टा नगर में सेंधव छतरी राजपूत युवा संगठन द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य चल समारोह का स्वागत वंदन किया। मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान राम द्वारा बताए गए मार्ग पर चल कर अपने जीवन को सफल बनाएं। राम इस सृष्टि के श्रजन हार के साथ हमारे आदर्श और मार्गदर्शक भी हैं। आष्टा नगर के मुख्य श्री राम मंदिर बुधवारा में पहुंचकर आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया। आष्टा नगर के साई कालोनी वार्ड क्रमांक 18 व बजरंग कालोनी में आयोजित भंडारों में शामिल होकर स्थानीय समितियों को सफल आयोजन की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी राम नवमी की धूम रही। ग्राम चनखल में आयोजित स्थानीय आयोजन में शामिल होकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्रभु श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम जी ने निषाद राज को अपना मित्र बनाया मां शबरी के झूठे बेर खाए उन्होंने कभी भी अपने जीवन में अहंकार को नही पनपने दिया वे एक मर्यादा पुरुषोत्तम बन कर अपना राज्य वर्षो तक चलाया। विभिन्न कार्यक्रमों में वरिष्ठ समाजसेवीयो के साथ स्थानीय लोग उपस्थिति रहें।

## 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के दौरान स्थाई वारंटी पकड़ने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग व आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। 17 अप्रैल को आदर्श आचार संहिता के पालन में कई वर्षों से फरार स्थाई वारंटी तलाश में मुखबिर लगाकर दबीस देकर न्यायालय आष्टा से जारी स्थाई वारंट स्थाई वारंटी मुकेश पिता मदनलाल उम्र 25 साल जाति मालवीय निवासी कजलास रोड जावर को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। कार्रवाई में निरीक्षक आर.एन. मालवीय, उनि बीएल वर्मा, आर 278 पवन, आर 624 मनोज, आर 55 अनिल, आर 650 देवेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है।